PUBLICATION NAME :	RAshtriya Swaroop
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	28/02/2025
PAGE :	10

ईडीआईआई द्वारा उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

अहमदाबाद। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद का 3-दिवसीय 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन 26 फरवरी को शुरू हुआ। उद्यमिता परआधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। सम्मेलन के दौरान,9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार;उद्यमिता शिक्षा; उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र; मनोविज्ञान और उद्यमिता; एमएसएमई उद्यमिता; प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता; स्टार्टअप और नवाचार; हरित और स्थायी उद्यमिता; सामाजिक उद्यमिता; संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता; महिला उद्यमिता; ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवारिक व्यवसाय के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. टी.वी. राव फाउन्डर और चेयरमेन टी. वी. राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर द्वारा किया गया। डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अग्रणी शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक साथ लाकर, यह मंच शोध निष्कर्ष के प्रसार को सुगम बनाता है, नए दृष्टिकोणों को बढ़ावा देता है और उद्यमशीलता के भविष्य को आकार देता है, इस प्रकार इच्छुक उद्यमियों को सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाता है।